# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 23 नवंबर, 2017 की बैठक के कार्यवृत्त

(1)

**संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 23 नवंबर, 2017 को अपराह्न 1.00 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आचार्य राजीव संगल, निदेशक | – | अध्यक्ष |
| 2. | आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र) | – | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री राजन श्रीवास्तव, कार्यवाहक कुलसचिव | – | सदस्य |
| 4. | आचार्य ए.के. मुखर्जी, अधिष्ठाता (छात्र कार्य) | – | सदस्य |
| 5. | आचार्य राजीव प्रकाश, आचार्य प्रभारी, अनुसंधान एवं विकास | – | सदस्य |
| 6. | आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग | – | सदस्य |
| 7. | आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय विभाग | – | सदस्य |
| 8. | डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) द्वितीय | – | सदस्य |
| 9. | श्रीमती स्वाति बिस्वास, उप कुलसचिव | – | सदस्य |
| 10. | श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केन्द्रीय सचिवालय, हिन्दी परिषद, वाराणसी | – | आमन्त्रित सदस्य |
| 11. | श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (प्रशासन) प्रथम | – | सदस्य सचिव |

अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) एवं आचार्य प्रभारी (संकाय कार्य) बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गयी।

**मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 07 फरवरी, 2017 के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

दिनांक 07 फरवरी, 2017 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

**मद सं. 2: संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ के वेब लिंक iitbhu.ac.in/rajbhasha/ का विमोचन:**

समिति को सूचित किया गया कि संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ के वेब लिंक iitbhu.ac.in/rajbhasha/ का समिति के समस्त सदस्यों के जांचोपरांत दिये गए सुझावों के अनुसार उक्त वेब पेज को संशोधित किया गया है। उक्त के अनुसार निदेशक महोदय द्वारा वेब लिंक का विमोचन किया गया एवं संस्थान की वेबसाइट iitbhu.ac.in के Important links के अंतर्गत अपलोड कराया गया।

**मद सं. 3: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 07 फरवरी, 2017 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाही:**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 07 फरवरी, 2017 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाही की पुष्टि की गयी। समिति ने अनुवर्ती कार्यवाही की पुष्टि करते हुए निम्न निर्णय लिए-

क) संस्थान के समस्त विभागों/अनुभागों/इकाइयों के अध्यक्ष/प्रभारी से इस आशय का अनुरोध किया जाय कि वे कार्यालयी कामकाज में राजभाषा के प्रयोग को व्यावहारिक व सुगम बनाने हेतु अंग्रेजी भाषा के कठिन (क्लिष्ट) शब्दों को जिनके लिए हिन्दी में मानक शब्द उपलब्ध नहीं है उन शब्दों को उसके मूल रूप में ही देवनागरी लिपि में प्रयोग किया जाय।

ख) संस्थान में हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को चिह्नित कर प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र (Letter of Appreciation) दिया जाय । उक्त हेतु समस्त विभागों/अनुभागों/इकाइयों को कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में किए गये कार्यों की सूचना राजभाषा प्रकोष्ठ, कुलसचिव कार्यालय को प्रेषित करने हेतु अनुरोध किया जाय।

**मद सं. 4: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी वर्ष के पिछली तीन तिमाहियों के हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा।**

समिति को अवगत कराया गया कि संस्थान की राजभाषा के प्रयोग से संबंधित जनवरी से मार्च 2017 , 2017 तथा अप्रैल से जून 2017 एवं जुलाई 2017 से सितंबर 2017 ,2017 तक की तिमाही प्रगति आख्या राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को ऑनलाइन माध्यम से भेजी जा चुकी है। समिति को यह भी अवगत कराया गया कि जुलाई से सितंबर 2017 ,2017 की प्रगति रिपोर्ट कुल 41 विभागों/स्कूलों/ अनुभागों में से 22 से प्राप्त हुई एवं शेष विभागों/स्कूलों/अनुभागों से प्राप्त नहीं हुई। उक्त के क्रम में निर्णय लिया गया कि विभागों/स्कूलों/अनुभागों को समय-समय पर इस संदर्भ में पत्र प्रेषित किया जाय।

**मद सं. 5: संस्थान में राजभाषा के प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा:**

समिति द्वारा संस्थान में राजभाषा के प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा के उपरांत निम्न निर्णय लिए गए-

(क) श्री जगदीश नारायण राय द्वारा समिति को सूचित किया गया कि गृह मंत्रालय को भेजी जाने वाली हिन्दी तिमाही प्रगति आख्या (जनवरी से मार्च तक) के साथ संस्थान के विभिन्न विभागों/इकाइयों के निरीक्षण की आख्या भेजना जरूरी है। इस संबन्ध में समिति ने निर्णय लिया कि समय-समय पर सहयोगात्मक रूप में राजभाषा निरीक्षण किया जाय तथा निरीक्षण के उपरान्त प्राप्त आँकड़ों का अभिलेख तैयार किया जाय। राजभाषा निरीक्षण के उपरान्त हिन्दी में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को चिह्नित कर पुरस्कृत भी किया जाय।

(ख) संस्थान के गैर-शिक्षण कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने में आ रही समस्याओं को दूर करने हेतु समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाय।

(ग) संस्थान में विज्ञान से संबन्धित एक कार्यशाला का आयोजन किया जाय जिसमें ग्रामीण अंचल के विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को शामिल किया जाय एवं विज्ञान से जुड़े लोगों को हिन्दी में प्रशिक्षण देने हेतु आमंत्रित किया जाय।

बैठक, अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।



गंगेश

(गंगेश शाह गोंडवाना)
सदस्य सचिव

(जगदीश नारायण राय)
आमंत्रित सदस्य

(श्रीमती स्वाति बिस्वास)
सदस्य

सर्वेश

(सर्वेश कुमार तिवारी)
सदस्य

(सुशांत कुमार श्रीवास्तव)
सदस्य

(संजय कुमार पांडेय)
सदस्य

राजीव प्रकाश

(राजीव प्रकाश)
सदस्य

(ए.के.मुखर्जी)
सदस्य

(राजन श्रीवास्तव)
सदस्य

(अनिल कुमार त्रिपाठी)
उपाध्यक्ष

रा. संगल

(राजीव संगल)
अध्यक्ष